पंजाब केसरी 03/02/2026

परीक्षा देते प्रतिभागी। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा आई.के.एस. पर आधारित परीक्षा संपन्न

अम्बाला, 2 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में भारतीय ज्ञान परंपरा, इंडियन नॉलेज सिस्टम आई.के.एस. पर आधारित परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति, दर्शन, नैतिक मूल्यों, जीवन-दर्शन तथा प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान से जुड़े विषयों पर अपनी समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं अनुशासित वातावरण में किया गया, जिससे विद्यार्थियों को सकारात्मक और प्रेरक शैक्षणिक अनुभव प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य रोहित दत्त ने परीक्षा के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी शिक्षा व्यवस्था की मूल आत्मा है। आई.के.एस. परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं नैतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त प्रयास किया गया है।

ऐसी परीक्षाएं छात्रों में आत्मबोध, राष्ट्रीय चेतना तथा भारतीय मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करती हैं, जो वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई दी।

जी.एम.एन. कॉलेज की आई.के.एस. समिति के अध्यक्ष डा. अनीश ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की स्मृति नहीं है, बल्कि यह आधुनिक समाज और समकालीन शिक्षा प्रणाली के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है।

विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता यह दर्शाती है कि युवा पीढ़ी भारतीय ज्ञान को समझने, अपनाने और आगे बढ़ाने के लिए गंभीर रूप से प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी कॉलेज में आई.के.एस. से जुड़े शैक्षणिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और परीक्षाओं का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा।